पत्रिका इग्नाइटर्स-2023 समारोह महाराणा प्रताप ऑडिटोरियम में कल से

10वीं-12वीं के अव्वल विद्यार्थी होंगे सम्मानित, एक्सपर्ट्स करेंगे मार्गदर्शन

NIRWAN UNIVERSITY JAIPUR PRESENTS PATRIKA IGNITERS 2023 EMPOWERING YOUTH POWERED BY Mittsure TECHNOLOGIES

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

जयपुर. 10वीं और 12वीं बोर्ड परीक्षाओं में 70 फीसदी से अधिक अंक लाने वाले जयपुर जिले के विद्यार्थी पत्रिका इग्नाइटर्स 2023 से सम्मानित होंगे। चार दिवसीय इस कार्यक्रम का आगाज 23 जुलाई को होगा। ओटीएस चौराहे के पास विद्याश्रम स्कूल के महाराणा प्रताप ऑडिटोरियम में इसका आयोजन में किया जाएगा।

अच्छे अंक लाने वाले एक हजार विद्यार्थियों का चयन किया जा चुका है। चयनित विद्यार्थियों को निमंत्रण पत्र के साथ सूचना दी जा चुकी है। चयनित बच्चे अभिभावकों के साथ विशिष्ट सम्मान समारोह में आमंत्रित किए गए हैं। चार दिवसीय समारोह में छात्रों को देश की प्रमुख ख्यातनाम शख्सियतों से मुलाकात करने का मौका मिलेगा।

इसी के साथ समारोह में विद्यार्थियों के भविष्य से संबंधित विषयों और नवाचारों पर एक्सपर्ट की ओर से सेशन भी आयोजित किए जाएंगे। कार्यक्रम में मुख्य प्रायोजक निर्वाण यूनिवर्सिटी जयपुर है। पावर्ड बॉय मिट्टस्योर टेक्नोलॉजीज एलएलपी और राजस्थान हाउसिंग बोर्ड को-स्पॉन्सर, बियानी ग्रुप ऑफ कॉलेज, कॅरियर एक्सपर्ट होगा। पार्टनर यूनिवर्सिटी ऑफ इंजीनियरिंग एंड मैनेजमेंट और इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन हैं। आईएएस,आरएएस एक्सपर्ट सम्यक एन इंस्टीट्यूट ऑफ सिविल सर्विसिज हैं।

पत्रिका की ओर से समय-समय पर सामाजिक सरोकारों से जुड़े कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। अभिभावकों के समक्ष जब पुरस्कार मिलेगा तो बच्चों को भी आगे बढ़ने की प्रेरणा मिलेगी।

सीए अभिषेक बियानी, असिस्टेंट डायरेक्टर, बियानी ग्रुप ऑफ कॉलेज

पत्रिका की पहल सराहनीय है। ऐसे कार्यक्रमों से प्रतिभाओं को प्रोत्साहन मिलता है तो वह और भी ज्यादा परिश्रम करने के लिए प्रेरित होती हैं। इससे उन्हें ऊंचाइयां छूने का अवसर मिलता है।

मनोज मित्तल, चेयरमैन, मिट्टस्योर टेक्नोलॉजीज एलएलपी

पत्रिका की ओर से आयोजित कार्यक्रम में होनहारों को न केवल पुरस्कार मिलेगा, बल्कि कामयाब लोगों से प्रेरणा भी मिलेगी। पत्रिका की ओर से यह अच्छी पहल है।

कौशल भारद्वाज, डिप्टी कमिश्नर, जीएसटी

पत्रिका इग्नाइटर्स कार्यक्रम से विद्यार्थियों को प्रोत्साहन मिलेगा। पत्रिका के इस प्रकार के कार्यक्रम सामाजिक सौहार्द निभाने की दिशा में कार्य करते हैं।

डॉ. आर. के. अरोड़ा, सीईओ एंड वाइस चेयरपर्सन, निर्वाण यूनिवर्सिटी